AMAR UJALA

8 September, 2019

# डिग्री पाकर खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे

देहरादून। वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआई डीम्ड यूनिवर्सिटी) के पांचवें दीक्षांत समारोह में वानिकी का अध्ययन कर रहे 315 युवा पास आउट हो गए। इनमें 253 एमएससी डिग्रीधारक छात्र जबकि 62 पीएचडी धारक हैं। शनिवार को आयोजित पांचवें दीक्षांत समारोह में केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने छात्र-छात्राओं को डिग्रियां व मेडल बांटे। डिग्रियां और मेडल पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल गए। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने पासआउट छात्र-छात्राओं से कर्तव्य निष्ठा और जनभागीदारी के साथ काम करने की अपील की। इसके अलावा लगन और कर्तव्यनिष्ठा से काम करने, कार्यों में जन की सहभागिता सुनिश्चित करने और सोशल फोरेस्ट्री को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने कहा कि वर्तमान में लैंटाना (घास) का खतरा बढ़ता जा रहा है। इसके साथ चीड़ से भी खतरा हो रहा है। इसके लिए सामूहिक प्रयास की जरूरत है। महानिदेशक वन एवं विशेष सचिव वन एवं पर्यावरण मंत्रालय सिद्धांत दास ने जल संरक्षण पर जोर दिया। उन्होंने कहा जल संरक्षण से झील रिचार्ज होंगे, घास उगेगी और घास उगने से जंगल में रहने वाले शाकाहारी जीवित रहेंगे। ऐसे जीवों का कुनबा बढ़ने के साथ ही बाघ और शेरों की संख्या में भी वृद्धि होगी। इस दौरान डॉ. एचएस गिनवाल सहित सभी प्रोफेसर, छात्र एवं उनके परिजन मौजूद रहे।

**315**
**छात्र-छात्राओं को मिली एमएससी पीएचडी की डिग्री**

## एफआरआई डीम्ड यूनिवर्सिटी का पांचवां दीक्षांत समारोह
## केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री ने बांटीं डिग्रियां और मेडल



देहरादून की प्रिया बिष्ट को गोल्ड मेडल एवं डिग्री प्रदान करते वन एवं पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर।

### किस कोर्स में कितने पासआउट

- पीएचडी धारक- 62
- एमएससी फॉरेस्ट्री- 80
- एमएससी इंवायरन्मेंट मैनेजमेंट-79
- एमएससी वुड साइंस एंड टेक्नोलॉजी-71
- एमएससी सेल्युलोज एवं पेपर टेक्नोलॉजी-23

*इन्हें मिला गोल्ड मेडल : निधि, ओइनडलिा बासु, सबनम, अजित शेखर, मितिनम जमोह, प्रिया बिष्ट (दो), सुब्रता पाल, विजय कुमार, गुरसिमरन कौर।*

*उत्तराखंड की प्रिया बिष्ट को मिले दो अवॉर्ड*

*उत्तराखंड की प्रिया बिष्ट को दो गोल्ड मेडल मिले हैं। एक गोल्ड मेडल वुड साइंस व टेक्नोलॉजी में प्रथम आने पर और दूसरा अवार्ड शास्ता प्लेवुड इंडस्ट्री कोलकाता की ओर से दिया गया। प्रिया बिष्ट के पिता मोहन सिंह बिष्ट ऑर्डनेंस फैक्ट्री में कार्य करते हैं। माता गृहिणी हैं।*



डीम्ड यूनिवर्सिटी के पांचवें दीक्षांत समारोह में उपस्थित छात्र-छात्राएं। अमर उजाला

## 'एफआरआई की मरम्मत को जल्द मिलेगी राशि'

देहरादून। एफआरआई के बिल्डिंग की मरम्मत के लिए धनराशि की कोई कमी नहीं होगी। बिल्डिंग की मरम्मत का प्रस्ताव आने पर धनराशि दो हफ्ते में मंजूर हो जाएगी। बशर्ते बिल्डिंग के पुराने स्वरूप में कोई परिवर्तन न हो।

ये बातें केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने शनिवार को एफआरआई डीम्ड यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में कहीं। जावड़ेकर ने कहा कि एफआरआई सुंदर कैंपस है। इसकी सुंदरता हमेशा बनाए रखना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि सौ साल से अधिक पुरानी बिल्डिंग की संरचना वाकई में अद्भुत है। वर्तमान में बिल्डिंग के कुछ इमारतों में मरम्मत की आवश्यकता है। इसके लिए एफआरआई की ओर से प्रस्ताव मिला है। बिल्डिंग के मरम्मत के लिए जितनी भी धनराशि की आवश्यकता है, वह दो हफ्ते में मंजूर कर दी जाएगी। लेकिन बिल्डिंग की सुंदरता पर इसका प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए और कहीं भी ऐसा नहीं लगना चाहिए कि बिल्डिंग में पैच लगाए गए हों। साथ ही उन्होंने यहां मौजूद फरिस्ट स्मारक का भी रिनोवेशन करने को कहा। जावड़ेकर ने कहा कि केंद्र सरकार जल्द ही स्कूल नर्सरी प्रोग्राम चलाएगी। इसका उद्देश्य बचपन से ही पेड़-पौधों के प्रति जागरूकता का भाव पैदा करना है। इसके तहत पांचवीं कक्षा के छात्रों को बीज दिए जाएंगे। बीजरोपण के बाद आठवीं कक्षा तक छात्र देखभाल करेंगे। पासआउट होने पर छात्रों को ट्रॉफी के रूप में यही पौधा भेंट किया जाएगा। इसके बाद छात्र यह पौधा अपने घर या पड़ोस में लगा सकेंगे।

**दीक्षांत समारोह में पहुंचे केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री ने की घोषणा**

### फॉरेस्टर रोज कर रहे 10 किमी वन क्षेत्र का भ्रमण

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि फारेस्टरों को एक स्मार्ट मोबाइल दिया है। जिसमें एक एप के जरिए उन्हें मंत्रालय से जोड़ा गया है। वह एप के माध्यम से यह सुनिश्चित होगा कि एक दिन में फारेस्टर ने कितने किमी फारेस्ट एरिया क वर किया। रिपोर्ट के मुताबिक फारेस्टर रोज करीब 10 किमी वन क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं।

### पहले जंगल थे और अब बाहर से खरीदनी पड़ रही लकड़ी

जावेड़कर ने कहा कि हमारे देश में कुछ ऐसे कानून बने हैं, जिसकी वजह से लोगों ने पेड़ लगाने ही बंद कर दिए हैं। इसके लिए उन्होंने चंदन की लकड़ी का उदाहरण दिया। कहा कि पहले हमारे यहां चंदन के जंगल होते थे, लेकिन अब हमें चंदन ऑस्ट्रेलिया से खरीदना पड़ रहा है। इसलिए सरकार अब लगाओ, उगाओ और यूज करो की नीति पर काम कर रही है।



मेडल प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं। अमर उजाला

# DAINIK JAGRAN

## 8 September, 2019

**दीक्षांत समारोह** एफआरआइ (सम) विश्वविद्यालय के पांचवें दीक्षांत समारोह में छात्र-छात्राओं को मिला मेहनत का इनाम

# एफआरआइ के 315 छात्रों को उपाधि, नौ को गोल्ड मेडल






वन अनुसंधान संस्थान (सम) विश्वविद्यालय से वुड साइंस एंड टेक्नोलॉजी मे एमएससी करने वाली देहरादून की छात्रा प्रिया बिष्ट को गोल्ड मेडल प्रदान करते केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर, साथ में कुलाधिपति डॉ. एससी गैरोला। उधर, विभिन्न विषयों में एमएससी में गोल्ड मेडल हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं ने सेल्फी लेकर इस यादगार पल को कैद कर लिया। • जागरण

**जागरण संवाददाता, देहरादून:** वन अनुसंधान संस्थान (सम) विश्वविद्यालय के पांचवें दीक्षांत समारोह में एमएससी व पीएचडी करने वाले 315 छात्र-छात्राओं को उपाधि प्रदान की गई। वहीं, एमएससी के नौ छात्रों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए गोल्ड मेडल से नवाजा गया। इस अवसर पर केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने वन अनुसंधान के लिए समर्पित हुए पासआउट छात्रों को वन संरक्षण की चुनौतियों को स्वीकार करने का आह्वान किया।

शनिवार को एफआरआइ के मुख्य भवन में दीक्षांत समारोह का उद्घाटन करते हुए केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने विभिन्न विषयों में एमएससी करने वाले 253 व पीएचडी करने वाले 62 छात्र-छात्राओं को उपाधि प्रदान की। उन्होंने वन अनुसंधान में पेशेवर जगत का हिस्सा बनने जा रहे छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन के दौर में वन संरक्षण चुनौती से कम नहीं। वन संरक्षण से जुड़ चुकी भावी पीढ़ी को वनों पर आश्रित व इनके इर्द-गिर्द रहने वाले लोगों को जोड़कर काम करना चाहिए। साथ ही उन्होंने वन संवर्धन की दिशा में किए जा रहे बेहतर कार्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बीते पांच साल में 15 हजार वर्ग किमी वनों का विस्तार हुआ है। पेरिस समझौते के अनुसार वर्ष 2030 तक 2.5 से तीन बिलियन टन कार्बन डाईऑक्साइड के समान अतिरिक्त कार्बन सिंक (वातावरण से कार्बन डाईऑक्साइड को अवशोषित करना) क्षमता विकसित करनी है। इसके लिए स्कूली स्तर पर नर्सरी की महत्ता को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिन स्कूलों में जगह खाली है, वहां वन विभाग पौधारोपण का काम करेंगे। दीक्षांत समारोह में भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद (आइसीएफआरई) के महानिदेशक व कुलाधिपति डॉ. एससी गैरोला, एफआरआइ के निदेशक व कुलपति एएस रावत आदि उपस्थित रहे।

**इन्हें मिला गोल्ड मेडल:** निधि, ओद्रिला बसु, शबनम बंधोपाध्याय (वानिकी), अजीन शेख, मितिनम जमो (पर्यावरण प्रबंधन), प्रिया बिष्ट, सुब्रत पाल (काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी), विजया कुमार, गुरसिमरन कौर बग्गा (सेल्यूलोज एंड पेपर टेक्नोलॉजी)

DAINIK BHASKAR

8 September, 2019

# जल, जंगल और जमीन को बचाएगी केंद्र सरकार

## एफआरआई डीम्ड यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में पहुंचे वन पयार्वरण एवं सूचना प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर

**• जन व वित्त पोषण करने वाले होंगे नए कार्यक्रमः जावड़ेकर**

भास्कर समाचार सेवा

देहरादून। वन पयावंरण एवं सूचना प्रसारण मंत्री प्रकाश जावेड़कर ने कहा कि गलत वन व पयार्वरण नीतियों के कारण ही हम चालीस हजार करोड़ रुपये की लकड़ी का आयात कर रहे हैं। हमारे देश में चंदन का महाभंडार था, लेकिन अब हम आस्ट्रेलिया से इसे आयात कर रहे है। चंदन के पेड़ों के खत्म होने के पीछे इसे इस्तेमाल पर प्रतिबंध है। इससे वन पयार्वरण व वित्त का नुकसान हो रहा है। जल्द ही इसमें बदलाव किया जाएगा।


शनिवार को भारतीय वन अनुसंधान संस्थान के सभागार में एफआरआई डीम्ड यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर पीएचडी व परास्नातक छात्रों को डिग्री प्रदान की गई। कार्यक्रम में नौ छात्रों को गोल्ड मेडल प्रदान किए गए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जल, जंगल और जमीन को बचाने और इससे समृद्धि लाने के लिए केंद्र सरकार बहुत जल्द बड़ी योजना शुरु करेगी। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाने और वन संरक्षण के साथ इसे समृद्धि से जोड़ने की बड़ी योजना है। जंगल की रक्षा वहां के आस पास रहने वाले लोग करते है। इसे देखते हुए सोशल फॉरेस्ट्री को बढ़ावा दिए जाने की जरूरत है। कहा कि अब स्कूल नर्सरी कार्यक्रम को बड़ा आकार दिया जाएगा। इसके लिए देश भर के वन व पयार्वरण ढांचे व स्कूली ढांचे को जोड़ा जाएगा। प्रारंभ में केंद्रीय विद्यालयों व नवोदय विद्यालय में प्रयोग शुरू किया जाएगा। सामाजिक वानिकी और कृषि वानिकी के जरिए गरीबी को कम करने की भी योजना है। विगत वर्षों में कई प्रयासों के फलस्वरूप वनछादित क्षेत्र में 15,000 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि दर्ज की गयी हैं। इस संदर्भ में बास का उदाहरण देते हुए उन्होंने (पेड़ लगाओ-पेड़ बढ़ाओ-पेड़ का उपयोग करो ) का नारा दिया। इस अवसर पर विशेष सचिव सिद्धांत दास ने कहा कि वनों के विनाश के कारण ही बाढ़ प्राकृतिक आपदाओं में इजाफा हो रहा है। हम जल संरक्षण व संवर्धन पर केंद्रित काम करेंगे। इस मौके पर आईसीएफआईई के महानिदेशक डा एससी गैरोला, भारतीय वन अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ एएस रावत ने भी विचार व्यक्त किए।

**इमारत की मरम्मत के लिए देंगे आर्थिकी** : भारतीय वन अनुसंधान संस्थान की दीवारों में आ रही दरारों से केंद्रीय मंत्री भी चिंता जताई। कहा कि इमारत में आ रही दरारों को ठीक करने के लिए जितना भी धन चाहिए होगा वह देंगे। इसके लिए दो सप्ताह में धन की मंजूरी दे देंगे।

**मन लगाकर करें काम** : स्टीव जाब्स से जुड़े संस्मरण सुनाए, उन्होंने बताया कि वह जब स्टीव जाब्स से मिले तो उन्होंने उन्हें स्मार्टफोन-आईफोन के बारे में बताया। तब उन्हें लगा कि यह दिन में आने वाला स्वप्न है, लेकिन स्टीव जाब्स ने सपने को हकीकत में बदल कर दिखाया। आज इस स्मार्टफोन ने दुनिया को बदल दिया है। भारतीय वन सेवा के एक बैच से उन्होंने पाया कि अस्सी में से सिर्फ तीन चयनित अधिकारी वन सेवा में आना चाहते थे। ऐसे लोग मन लगाकर काम नही कर सकते। प्रकाश जावेड़कर ने कहा कि छात्रों को मन लगाकर काम करना चाहिए।



दीक्षांत समारोह के दौरान छात्रा को डिग्री प्रदान करते प्रकाश जावड़ेकर।




समारोह को संबोधित करते केंद्रीय मंत्री। छाया-भास्कर

### नौ को मिला स्वर्ण पदक

समारोह के दौरान वानिकी के विभिन्न विषयों में 62 पीएचडी और 253 एमएससी सहित कुल 315 उपाधियां दी गई। इनके अतिरिक्त, एमएससी कोर्स मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कुल नौ छात्रों जिनमे निधि, ओंद्रिला बसु, शबनम बंद्योपाध्याय (वानिकी) अजीन शेखर, मितिनम जमो (पर्यावरण प्रबंधन), प्रिया बिष्ट, सुब्रत पाल (काष्ठ विज्ञान और प्रौद्योगिकी) विजया कुमार, गुरसिमरन कौर बग्गा (सेलुलोज और पेपर टेक्नोलॉजी) को स्वर्ण पदक दिए गए।

DOON DARPAN

8 September, 2019

# वन्य जीव संरक्षण में जन सहभागिता की सराहनीय भूमिका: जावेडकर

देहरादून 07 सितम्बर (**दर्पण ब्यूरो**)। वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआई) सम विश्व विद्यालय, देहरादून के ५ वें दीक्षांत समारोह का आयोजन एफआरआई के दीक्षांत सभागार में किया गया। इस अवसर पर प्रकाश जावड़ेकर केंद्रीय मंत्री,पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय एवं सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सिद्धान्त दास, वन महानिदेशक एवं विशेष सचिव, भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। समारोह का प्रारम्भ कुलसचिव डॉ ए के त्रिपाठी की अगवानी में विश्वविद्यालय के अकैडमिक प्रोसेसन जिसमें मुख्य अतिथि, विशेष अतिथि, कुलाधिपति, कुलपति तथा अकैडमिक काउंसिल के सदस्य शामिल रहे, के दीक्षांत सभागार में आगमन से हुआ।

इस अवसर पर विश्व विद्यालय के कुलाधिपति और महानिदेशक, भारतीय वन अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, डॉ. एस.सी. गैरोला, ने दीक्षांत समारोह के औपचारिक शुरुआत की। ए.एस. रावत, कुलपति, एफआरआई सम विश्वविद्यालय और निदेशक, एफआरआई ने गणमान्य अतिथियों, विशेष आमंत्रित सदस्यों, छात्रों और उनके अभिभावकों और सभी उपस्थित जनों का स्वागत किया और विश्वविद्यालय की रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसमें विश्वविद्यालय की उपलब्धियों और वानिकी और संबंधित क्षेत्रों की चुनौतियों पर आधारित कार्य योजना के साथ ही साथ भविष्य की प्रतिबद्धताओं का उल्लेख किया गया।

रावत ने छात्रों के सर्वांगीण विकास को बढावा देने और ज्ञान के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण योगदान हेतु विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। समारोह के दौरान वानिकी के विभिन्न विषयों में 62 पीएचडी और 253 एमएससी सहित कुल 315 उपाधियाँ प्रदान की गईं। इनके अतिरिक्त, एमएससी कोर्स मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कुल नौ छात्रों जिनमे निधि, ओद्रिला बसु, शबनम बंद्योपाध्याय (वानिकी); अजीन शेखर, मितिनम जमो (पर्यावरण प्रबंधन); प्रिया बिष्ट, सुब्रत पाल (काष्ठ विज्ञान और प्रौद्योगिकी); विजया कुमार, गुरसिमरन कौर बग्गा (सेलुलोज और पेपर टेक्नोलॉजी) को स्वर्ण पदक दिए गए।

सभा को संबोधित करते हुए, मुख्य अतिथि प्रकाश जावड़ेकर ने वृक्षो की सुरक्षा में अपने प्राणो की आहुति देने वाले स्थानीय जनों को नमन किया और वन एवं वन्य जीव संरक्षण में जन सहभागिता की सराहनीय भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने आगे बताया कि सामाजिक वानिकी, कृषि वानिकी तथा विध्यालय स्तरीय पौधशाला स्थापन जैसे कार्यक्रम देश में वनछादित क्षेत्र बढ़ाने में प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं। छात्रों में वन सरंक्षण के प्रति जागरूकता एवं वृक्षों के प्रति प्रेम कि भावना जाग्रत करने हेतु विध्यालय स्तरीय पौधशाला की अहम भूमिका हो सकती है। भारत सरकार की योजनाओं का जिक्र करते हुए जावड़ेकर ने बताया कि वृक्ष उत्पादन एवं उनके उपयोग से संबन्धित नियमों को इस प्रकार सुगम बनाया जा रहा है ताकि जनसमान्य वृक्षारोपण के प्रति अधिक से अधिक उन्मुख हो सके।

उन्होंने कहा कि विगत वर्षों में किया गए प्रयासों के फलस्वरूप वनछादित क्षेत्र में 15,000 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि दर्ज की गयी हैं। इस संदर्भ में बास का उदाहरण देते हुए उन्होने पेड़ लगाओ पेड़ बढाओ– पेड़ का उपयोग करो का नारा दिया। उन्होने यह भी कहा की वनो में पर्याप्त भोजन एवं जल की उपलब्धता सुनिशित कर के मानव एवं वन्य जीव टकराव को रोका जा सकता है।

उन्होने उपाधि प्राप्त छात्रों से आधुनिक तकनीकों तथा प्रणालियों का उपयोग करते हुए अपने पारंपरिक मूल्यों के प्रति आदर रखने का आह्वान किया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में अपने सम्बोधन में सिद्धान्त दास ने कहा कि आज हमारा देश वैज्ञानिक वन प्रबंध के क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन का गवा बना हें। पूर्व कि प्राथमिकताउ जैसे काष्ठ एवं गैर काष्ठ उप कि जगह वन एवं वन्य जी संरक्षण, आजीविका अर्जन एवं ज संरक्षण जैसे विषय आज ज्याद प्रासंगिक हो गए हें। प्रधानमं जल स्वावलम्बन योजना का जि करते हुए उन्होने बताया कि इस कार्यान्वयन के फलस्वरू राजस्थान में केवल चार वर्षों भूमिगत जल स्तर 4.2 फीट ब गया हें। उन्होने बताया कि इ प्रकार वन्य जीव संरक्षण में प्रभा भूमिका निभाता हैं। इस प्रयास देश में विगत चार वर्षों के दौरा बाघों कि संख्या 2226 से बढ़ 2967 हो गयी है। जरूरी हें।

विश्वविद्यालय के कुलाधिप डॉ. एस.सी. गैरोला ने अप संबोधन में आईसीएफआरई द्वा उठाए गए कुछ महत्वपूर्ण पह जैसे देश के लिए दूसरा राष्ट्री वानिकी अनुसंधान योज (एनएफआरपी) तैयार करन वानिकी विस्तार रणनीति क योजना, कर्मचारियों के क्षम विकास के बारे में बताया।

AMAR UJALA
8 September, 2019

# पेड़ काटने के नियम सरल करेगी सरकार : जावड़ेकर

देहरादून। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि सरकार वृक्षारोपण को बढ़ावा देने और पेड़ काटने के नियम सरल करेगी। इसके अलावा छात्रों में बचपन से वन संरक्षण के प्रति प्रेम और पर्यावरण के प्रति जागरूकता के लिए स्कूल नर्सरी योजना शुरू करेगी।

शनिवार को एफआरआई डीम्ड यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में पहुंचे जावड़ेकर ने कहा कि जिन पेड़ों की प्रजाति के पहले भारत में जंगल हुआ करते थे अब उनकी लकड़ी हमें आयात करनी पड़ रही है। यह इसलिए हो रहा है कि हमारे यहां पेड़ों के काटने नियम इतने कड़े हैं कि लोग उन पेड़ों को लगाने ही बंद कर दे रहे हैं।

**वन संरक्षण के प्रति जागरुकता के लिए स्कूल नर्सरी योजना शुरु करेंगे**

इसी को देखते हुए केंद्र सरकार अब अधिक से अधिक पेड़ लगाने का बढ़ावा देने के साथ। इनके काटने के नियम सरल करेगी। इसके लिए 'पेड़ लगाओ, पेड़ बढ़ाओ और पेड़ का उपयोग करो' का नारा दिया जाएगा। सामाजिक वानिकी, कृषि वानिकी और विद्यालयस्तरीय पौधशाला स्थापना जैसे कार्यक्रम देश में वन क्षेत्र बढ़ाने में प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि विगत वर्षों में केंद्र सरकार के प्रयासों से वन क्षेत्र में 15000 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि हुई है। मानव एवं वन्य जीव के टकराव को रोकने के लिए जंगलों में पर्याप्त भोजन एवं जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के प्रयास भी किए जा रहे हैं।

DAINIK JAGRAN

8 September, 2019

# 16 करोड़ से भरेगी ऐतिहासिक एफआरआइ भवन की दरार

## केंद्रीय वन मंत्री ने दो सप्ताह में मरम्मत के प्रस्ताव को स्वीकृति देने की बात कही

जागरण संवाददाता, देहरादून: ब्रिटिशकाल में वर्ष 1923 में निर्मित वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआइ) के मुख्य भवन पर उभरी लंबी दरार को करीब 20 साल के लंबे इंतजार के बाद भरा जा सकेगा। इसके लिए तैयार किए गए करीब 16 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने दो सप्ताह के भीतर स्वीकृति देने की बात कही है।

शनिवार को वन अनुसंधान संस्थान (सम) विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री जावड़ेकर ने प्रस्ताव को स्वीकृति देने के लिए एक शर्त भी जोड़ी। उन्होंने कहा कि मरम्मत कार्य में इसकी ऐतिहासिक वास्तुकला (रोमन आर्किटेक्चर) से कोई छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिए। साथ ही यह ध्यान भी रखा जाए कि मरम्मत करते समय उसके निशान कहीं पर न दिखाई दें। क्योंकि इस भवन की खूबसूरती अद्वितीय है और इसे हर हाल में बरकरार रखा जाना जरूरी है।


प्रस्ताव को लेकर एफआरआइ के निदेशक एएस रावत ने बताया कि वर्ष 1999 में चमोली में आए 6.8 रिक्टर स्केल के भूकंप के दौरान यह दरार उभर आई थी। दरार मुख्य भवन के पिछले हिस्से के साथ भवन के ऊपरी गुंबद की तरफ भी उभरी है। समय के साथ इस दरार से बारिश का पानी भी रिसने लगा है। दरार भरने को लेकर पूर्व में आइआइटी रुड़की से भी सहयोग मांगा गया था, मगर उनकी तरफ से इस पर कोई काम न किए जाने पर सीबीआरआइ (सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट) रुड़की से डीपीआर बनवाई गई। सीबीआरआइ ने 16 करोड़ रुपये का एस्टीमेट तैयार किया है और मरम्मत कार्य के लिए केंद्रीय लोनिवि का चयन किया गया है। केंद्र से प्रस्ताव पास होते ही मरम्मत का कार्य शुरू करा दिया जाएगा।



शनिवार को भारतीय वन्यजीव संस्थान में जेनेटिक लैब के उद्घाटन के दौरान वैज्ञानिकों से गैंडे के असली व नकली सींग की जानकारी प्राप्त करते केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर • जागरण

### वन शहीद स्मारक से जुड़ेगा विश्नोई समुदाय का जौहर

केंद्रीय मंत्री जावड़ेकर ने एफआरआइ परिसर में वनों की रक्षा करते हुए प्राण गंवाने वाले कार्मिकों की याद में बनाए गए शहीद स्मारक की सराहना की। उन्होंने निर्देश दिए कि इस स्मारक में वन संरक्षण का प्रतीक बने जोधपुर के विश्नोई समाज को भी स्थान दिया जाना न्यायोचित होगा। क्योंकि वर्ष 1730 में जोधपुर के महाराज अजय सिंह ने जब विशाल महल बनाने के लिए पेड़ों के कटान का आदेश दिया तो यह समाज पेड़ों से लिपट गया था। वन संरक्षण के लिए डटे बिश्नोई समाज के 300 से अधिक लोगों को अपनी जान भी गंवानी पड़ी थी।



एफआरआइ के भवन पर दिखाई दे रहीं दरारें • जागरण

## संकटग्रस्त प्रजातियों के जीन में हो रहे बदलावों का चलेगा पता

जागरण संवाददाता, देहरादून: केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री ने वार्षिक आमसभा के बाद भारतीय वन्यजीव संस्थान में नवनिर्मित जेनेटिक लैब का उद्घाटन किया। यह देश की अपनी तरह की पहली लैब है और इसके माध्यम से संकटग्रस्त प्रजातियों के जीन में हो रहे बदलाव की अहम जानकारी अब दून में ही पता चल पाएगी। अब तक इसके लिए हैदराबाद स्थित सीसीएमबी (सेंटर फॉर सेल्यूलर एंड मॉलीक्यूलर बायोलॉजी) पर निर्भर रहना पड़ता था।

इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री ने अतिथि गृह व हॉस्टल का भी उद्घाटन किया। वैज्ञानिकों ने केंद्रीय मंत्री को जेनेटिक लैब में बारे में तमाम तरह की जानकारी दी। संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. वाईवी झाला ने केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर को बताया कि जेनेटिक लैब में बाघ समेत तमाम वन्यजीवों के डीएनए सैंपल रखे गए हैं। इनके माध्यम से यह पता लगाया जा सकता है कि संबंधित प्रजाति की खासियत क्या है और वह कहां-कहां पाई जाती है और उसकी जेनेटेकि डायवर्सिटी (आनुवांशिक विविधता) कैसी है। उन्होंने लैब में रखे गैंडे के असली व नकली सींग के सैंपल पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विश्वभर में गैंडे के सींगों की तस्करी उसका चूर्ण बनाकर दवा निर्माण आदि में किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सींग के चूर्ण के एक ग्राम की कीमत 1.79 लाख रुपये है। इसके चलते कई दफा नकली सींगों की तस्करी भी की जाती है। कस्टम, कोर्ट; सीबीआइ आदि के समाने कई दफा पकड़े जाने पर तस्कर सींगों को नकली करार देते हैं। ऐसे में संस्थान में पहले से मौजूद फोरेंसिक लैब के जरिये आसानी से पता लगाया जा सकता है कि सींग असली है या नकली। तमाम तरह के डीएनए के डेटा से यह जानकारी भी दी जा सकती है कि गैंडा या अन्य वन्यजीव किस क्षेत्र में पाए जाते हैं। इससे तस्करों को सजा दिलाना आसान हो जाता है। इस अवसर पर उत्तराखंड के वन मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत, देश के महानिदेशक वन सिद्धांत दास, संस्थान के कार्यवाहक निदेशक डॉ. जीएस रावत, पूर्व निदेशक डॉ. वीबी माथुर आदि उपस्थित रहे।

### एक बाघ के लिए जंगल में 500 हिरन का होना बेहद जरूरी

जागरण संवाददाता, देहरादून: केंद्रीय वन मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने वन विशेषज्ञों के सुझाव के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस भावी योजना की जानकारी दी, जिसमें वन्यजीव संरक्षण के लिए वन क्षेत्रों में जल संरक्षण को पहले स्थान पर रखा गया है।

**मंथन**

- हिरन आदि के लिए वनस्पति और वनस्पति के लिए पानी जरूरी
- देश में बाढ़ के हालात के बावजूद स्रोतों के रीचार्ज न होने पर चिंता

एफआरआइ डीम्ड यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जल वनों का आधार है। इसी पर निर्भर करता है कि वन की जैवविविधता कैसी होगी। वहीं, महानिदेशक वन सिद्धांत दास ने जल संरक्षण की महत्ता को आसान शब्दों में समझाया। उन्होंने कहा कि एक बाघ के संरक्षण के लिए वन में 500 हिरन आदि जानवर जरूरी हैं। वन में हिरन आदि की संख्या तब बढ़ेगी, जब वहां की वनस्पति बेहतर होगी और बेहतर वनस्पति के लिए जंगल में पानी के स्रोत अच्छी स्थिति में होने जरूरी हैं। उन्होंने इस बात पर चिंता भी जाहिर की कि देशभर में बाढ़ के हालात रहे हैं, मगर इतनी बारिश के बाद भी वनों के जलस्रोत पर्याप्त रीचार्ज नहीं हो सके। इसका मतलब यह है कि हमारे वनों में पानी को सोखने की क्षमता कम हो रही है। उत्तराखंड में चीड़ के वनों की बहुलता के चलते स्थिति और विकट है। क्योंकि इससे झड़ने वाले पिरूल की परत में पानी जमीन में समाने की जगह तेजी से बह जाता है। इसकी वजह यह भी है कि पिरूल की परत के चलते इसके नीचे पानी को रोकने वाली वनस्पतियों का विकास नहीं हो पाता। लिहाजा, वनों के जल स्रोतों को बेहतर बनाने के लिए नई रणनीति पर काम चल रहा है।

PUNJAB KESARI

8 September, 2019

# छात्र-छात्राओं में जोश भर गए जावड़ेकर

## स्टीव जाब्स का संस्मरण सुना किया प्रेरित, कई प्रतिभाओं को मिला स्वर्ण पदक

**62 पीएचडी और 253 एमएससी छात्रों को मिली डिग्रियां**




देहरादून, 7 सितंबर (स.ह.) : वन, पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन और सूचना प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर एफआरआई डीम्ड यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राओं के साथ कुछ अलग ही तरह से रूबरू हुए। उन्होंने छात्रों से कुछ नया और बड़ा करने का आह्वान किया। इस अवसर पर निधि, ओद्रिला बसु, शबनम बंधोपाध्याय, अजीत शेखर, मितिनम जमो, गुरसिमरन कौर बग्गा, प्रिया बिष्ट, सुब्रत पाल, विजया कुमार को स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। शनिवार को दीक्षांत समारोह में अपने संबोधन में उन्होंने स्टीव जाब्स से जुड़े संस्मरण सुनाए। उन्होंने बताया कि वह जब स्टीव जाब्स से मिले, तो उन्होंने उन्हें स्मार्टफोन-आईफोन के बारे में बताया। तब उन्हें लगा कि यह दिन में आने वाला स्वप्न है। लेकिन स्टीव जाब्स ने सपने को हकीकत में बदल कर दिखाया। आज इस स्मार्टफोन ने दुनिया को बदल दिया है।

अपने संबोधन में वह बोले कि भारतीय वन सेवा के एक बैच में गहन बातचीत में उन्होंने पाया कि अस्सी में से सिर्फ तीन चयनित अधिकारी वन सेवा में आना चाहते थे। ऐसे लोग मन लगाकर काम नहीं कर सकते। प्रकाश जावेड़कर ने कहा कि छात्रों को मन लगाकर काम करना चाहिए। शोध और परास्नातक डिग्री लेने वाले छात्र वानिकी की दुनिया में बड़े बड़े लक्ष्य हासिल कर सकते हैं।

### एफआरआई इमारत की मरम्मत के लिए देंगे धन

भारतीय वन अनुसंधान संस्थान की ऐतिहासिक बिल्डिंग में आ रही दरारों से केंद्रीय मंत्री भी बेहद चिंतित हैं। वह सौ साल पुरानी इस अतुलनीय इमारत पर मंडरा रहे खतरों से चिंतित हैं। केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने एफआरआई सभागार में अपने संबोधन में कहा कि इमारत में आ रही दरारों को ठीक करने के लिए जितना भी धन चाहिए, वह देंगे। इसके लिए दो सप्ताह में धन की मंजूरी दे देंगे।

JAN BHARAT MAIL

8 September, 2019

# वन अनुसंधान संस्थान का पाँचवां दीक्षांत समारोह आयोजित




देहरादून, संवाददाता। वन अनुसंधान संस्थान (एफ आर आइ) सम विश्वविद्यालय, देहरादून के 5वें दीक्षांत समारोह का आयोजन एफआरआई के दीक्षांत सभागार में किया गया। इस अवसर पर प्रकाश जावड़ेकर, माननीय केंद्रीय मंत्री,पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय एवं सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सिद्धान्त दास, वन महानिदेशक एवं विशेष सचिव, भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। समारोह का प्रारम्भ कुलसचिव डॉ ए के त्रिपाठी की अगवानी में विश्वविद्यालय के अकेडमिक प्रोसेसन जिसमें मुख्य अतिथि, विशेष अतिथि, कुलाधिपति, कुलपति तथा अकैडमिक काउंसिल के सदस्य शामिल रहे, के दीक्षांत सभागार में आगमन से हुआ। तदुपरान्त विश्वविद्यालय के कुलाधिपति और महानिदेशक, भारतीय वन अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, डॉ एस.सी. गैरोला, ने दीक्षांत समारोह के औपचारिक शुरुआत की। तत्पश्चात, श्री ए.एस. रावत, कुलपति, एफआरआइ सम विश्वविद्यालय और निदेशक, एफआरआई ने गणमान्य अतिथियों, विशेष आमंत्रित सदस्यों, छात्रों और उनके अभिभावकों और सभी उपस्थित जनों का स्वागत किया और विश्वविद्यालय की रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसमें विश्वविद्यालय की उपलब्धियों और वानिकी और संबंधित क्षेत्रों की चुनौतियों पर आधारित कार्य योजना के साथ ही साथ भविष्य की प्रतिबद्धताओं का उल्लेख किया गया। रावत ने छात्रों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने और ज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान हेतु विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। समारोह के दौरान वानिकी के विभिन्न विषयों में 62 पीएचडी और 253 एमएससी सहित कुल 315 उपाधियाँ प्रदान की गईं। इनके अतिरिक्त, एमएससी कोर्स मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कुल नौ छात्रों जिनमे निधि, ओद्रिला बसु, शबनम बंद्योपाध्याय (वानिकी); अजीन शेखर, मितिनम जमो (पर्यावरण प्रबंधन); प्रिया बिष्ट, सुब्रत पाल (काष्ठ विज्ञान और प्रौद्योगिकी); विजया कुमार, गुरसिमरन कौर बग्गा (सेलुलोज और पेपर टेक्नोलॉजी) को स्वर्ण पदक दिए गए। सभा को संबोधित करते हुए, मुख्य अतिथि प्रकाश जावड़ेकर ने वृक्षो की सुरक्षा में अपने प्राणो की आहुति देने वाले स्थानीय जनों को सादर नमन किया और वन एवं वन्य जीव संरक्षण में जन सहभागिता की महती भूमिका को रेखांकित किया। उन्होने आगे बताया कि सामाजिक वानिकी, कृषि वानिकी तथा विध्यालय स्तरीय पौधशाला स्थापन जैसे कार्यक्रम देश में वनछादित क्षेत्र बढ़ाने में प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं।

RASHTRIYA SAHARA

8 September, 2019

# बढ़ता मानव-वन्यजीव संघर्ष चिंतनीय ठोस कदम उठाने जरूरी : जावड़ेकर

केंद्रीय वन व पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा- वन नियमों को बनाया जा रहा सुगम, वन संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए विद्यालय स्तरीय पौधशाला विकसित करने पर जोर

शनिवार को एफआरआई डीम्ड विश्वविद्यालय के पांचवें दीक्षांत समारोह में की शिरकत, पीएचडी व स्नातकोत्तर के 315 छात्र-छात्राओं को प्रदान की डिग्री, भविष्य की शुभकामनाएं

वन महानिदेशक बोले वन प्रबंधन के क्षेत्र में परिवर्तन का गवाह बन रहा देश

**सहारा न्यूज ब्यूरो**

देहरादून।

केंद्रीय वन, पर्यावरण व सूचना प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण को बढ़ावा देने पर जोर दिया है। कहा कि विद्यालय स्तरीय पौधशाला विकसित कर इस मुहिम को सफल बनाया जा सकता है। आधुनिक तकनीक व प्रणालियों के उपयोग में पारंपरिक मूल्यों के प्रति आदर बनाये रखने की बात भी उन्होंने कही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत सरकार द्वारा वृक्ष उत्पादन व उनके उपयोग से संबंधित नियमों को सुगम बनाने का प्रतिफल रहा है देश में पिछले वर्षो में वनाच्छादित क्षेत्र में 15 हजार वर्ग किमी की वृद्धि हुई है। यह बात उन्होंने शनिवार को वन अनुसंधान संस्थान के सम विश्वविद्यालय (डीम्ड यूनिवर्सिटी) के पांचवें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिकरत करते हुए कही। एफआरआई के सभागार में आयोजित समारोह में उन्होंने स्नातकोत्तर व पीएचडी पाठ्यक्रम के 315 छात्र-छात्राओं को उपाधि प्रदान की है। इनमें 62 पीएचडी व 253 एमएससी के छात्र-छात्राएं शामिल रही। स्नातकोत्तर के अलग-अलग पाठ्यक्रमों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले नौ छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल भी प्रदान किया गया।

इस अवसर पर केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने पीएचडी व स्नातकोत्तर की डिग्री से दीक्षित सभी छात्र-छात्राओं को भविष्य की शुभकामना दी। अपने संबोधन में उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। बढ़ते मानव-वन्यजीव संघर्ष पर उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि इस दिशा में तेजी से कार्य किया जाना चाहिए। वनों में पर्याप्त भोजन व जल की उपलब्धता से मानव व वन्यजीवों के बीच होने वाले टकराव को रोका जा सकता है। वन व वन्यजीव संरक्षण में जन सहभागिता पर भी उन्होंने जोर दिया है। कहा कि सामाजिक वानिकी, कृषि वानिकी के साथ ही विद्यालय स्तरीय पौधशाला स्थापन जैसे कार्यक्रम देश में वनाच्छादित क्षेत्र बढ़ाने में प्रभावी भूमिका निभा रहे हैं। कहा कि कई नियमों को सुगम बनाया गया है, ताकि जनसामान्य पौधरोपण के लिए उन्नमुख हो सके। इस अवसर पर उन्होंने 'पेड़ लगाओ, पेड़ बढ़ाओ व पेड़ का उपयोग करो' नारा भी दिया है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि पीएचडी व स्नातकोत्तर की डिग्री से दीक्षित हुए छात्र-छात्राएं वन व वन्यजीव संरक्षण की दिशा में आधुनिक तकनीक व प्रणालियों का उपयोग करते हुए पारंपरिक मूल्यों का भी बखूबी निवर्हन करेंगे।

**श्रेष्ठ प्रदर्शन पर मिला गोल्ड मेडल**

एमएससी वानिकी पाठ्यक्रम में निधि, ओंद्रिला, बसु व शबनम बंद्योपाध्याय, पर्यावरण प्रबंधन में अजीन शेखर व मितिनम जमो, काष्ठ विज्ञान व प्रौद्योगिकी में प्रिया बिष्ट, सुव्रत पाल और सेलुलोज व पेपर टेक्नोलॉजी में विजय कुमार व गुर सिमरन कौर बग्गा को गोल्ड मिला है।

